राजस्थान सरकार

# न्यायालय तहसीलदार गुड़ामालानी

**प्रकरण संख्या 31/2025**

| **प्रार्थी/सायल** | **बनाम** | **अप्रार्थी/गैर सायलान्** |
|---|---|---|
| राजस्थान सरकार जरिये<br>हल्का पटवारी **गुड़ामालानी** | | जेठाराम पुत्र भलाराम जाति लौहार<br>निवासी गुड़ामालानी<br>तहसील गुड़ामालानी जिला बालोतरा |

**प्रकरण अन्तर्गत धारा 91 राजस्थान भू –राजस्व अधिनियम 1956**

दिनांक 05.01.2026

## निर्णय

प्रकरण से संक्षिप्त में तथ्य निम्न प्रकार है कि पटवारी हल्का गुड़ामालानी ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि सरहद मौजा गुड़ामालानी की राजकीय भूमि ख.न. 1683/4 रकबा 0. 3237 हैक्टेयर किस्म गैर मुमकिन गोचर(राजकीय भूमि) में से **400 वर्गफीट** पर अनाधिकृत कब्जा कर अतिक्रमी द्वारा कच्चा छप्परा बनाकर अतिक्रमण/अतिचार कर रखा है। अतः गैर सायलान् के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने तथा उक्त भूमि से बेदखल करने का निवेदन किया। पटवारी के प्रार्थना पत्र को दर्ज रजिस्ट्रर कर गैर सायलान् को नोटिस जारी किया गया।

सुनवाई की नियत तिथि दिनांक 05.01.2026 को हल्का पटवारी उपस्थित, गैर सायलान् अनुपस्थित। गैर सायलान् को सुनवाई का मौका देने व खुले न्यायालय में तीन बार तीन–तीन आवाज लगाने के तदुपरान्त अनुपस्थित रहने से कार्यवाही एक तरफा अमल में लाई जाती है।

हमने पत्रावली का अध्ययन एवं अवलोकन किया। प्रश्नगत भूमि किस्म गैर मुमकिन गोचर(सरकारी भूमि) है जिस पर गैर सायलान् का अनाधिकृत कब्जा साबित होता हैं। अतः गैर सायलान् को उक्त भूमि का अतिक्रमी घोषित किया जाकर लगान 0.15 रूपये का राउण्ड अप 01 रूपये का 50 गुना शास्ति आरोपित करते हुए 50 रूपये का जुर्माना आरोपित किया जाता है। गैर सायलान् को उक्त भूमि से बेदखल करने के आदेश दिये जाते हैं तथा अनाधिकृत रूप से अतिक्रमी द्वारा बनाये गये कच्चे छप्परे को हटा कर बेदखली के आदेश दिये जाते है। बेदखली एवं जुर्माना वसूली हेतु हल्का पटवारी, ILR तथा मांग कायमी हेतु तहसील राजस्व लेखाकार सूचित हो।

निर्णय आज दिनांक 05.01.2026 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

(ईश्वरलाल सोलंकीआर.टी.एस)
तहसीलदार गुड़ामालानी

Signature Not Verified
Digitally signed by Ishwar Lal Solanki
Date: 2026.02.05 17:52:20 IST
Reason: SelfAttested

Signature va...
Digitally signe... Ish... Lal
Solanki
Designation : Tehsi...
Date: 2026.01.05 1...9:05 IST
Reason: Approved

RajKa...
19749546
eSign 1.0